प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात **दिनांक- 03.06.2025**

- ❖ **जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कड़ी कार्यवाही........**
- ❖ **थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 नफर अभियुक्तों व 01 नफर बाल अपचारी को किया गया गिरफ्तार।**
- ❖ **अभियुक्तों के कब्जे से 24,100 रुपये नगद, 350 ग्राम पुरानी सफेद धातु, 10 सिक्के पुरानी सफेद धातु (विक्टोरिया मार्का), पीली धातु (सोना) 3.20 मिली ग्राम व अभियुक्तगण द्वारा वादी के घर/कमरों के ताला तोडने में प्रयुक्त लोहे का सब्बल बरामद किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराधों की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना मंगलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 212/25 धारा 331(4)/305(ए) बनाम अज्ञात में विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्तगण 1. अभिषेक दुबे उर्फ प्रधुम्न पुत्र अरुणेश कुमार उम्र 20 वर्ष निवासी ओम नगर कस्बा झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात 2. विकास यादव उर्फ विक्कू पुत्र गजेन्द्र सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी रेलवाजार (भोला नगर) झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात व 01 नफर बाल अपचारी का नाम प्रकाश में आया। मुकदमा उपरोक्त में थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 03.06.2025 को अभियुक्तगण अभिषेक दुबे उर्फ प्रधुम्न व विकास यादव उर्फ विक्कू तथा 01 नफर बाल अपचारी उपरोक्त को खम्हैला अन्डरपास के पास झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात से समय 02.35 बजे 02 अदद बैग व 24100 रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण व बाल अपचारी से गहनता से की गयी पूछताछ के आधार पर अभियुक्तगण की निशादेही पर 350 ग्राम पुरानी सफेद धातु (चाँदी) जिसमें टूटी हुई पायल व बच्चे के हाथों के कंगन आदि व 10 सिक्के पुरानी सफेद धातु विक्टोरिया मार्का (चाँदी) व पीली धातु (सोना) में 3.20 मिली ग्राम जिसमें एक नाक की कील, एक नाक की बाली, एक घुंघरू, एक लॉकिट बरामद किया गया। अभियुक्तगण व बाल अपचारी की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी।

उल्लेखनीय है कि मुकदमा वादी श्री रवि कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 दयाशंकर गुप्ता निवासी वार्ड नं0 27 विकास नगर कस्बा झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात ने थाना मंगलपुर पर दिनांक 28.05.2025 को दिये गये प्रार्थना पत्र में तहरीर किया कि वादी, दिनांक 27.05.2025 को सपरिवार चित्रकूट गया था। दिनांक 28.05.2025 दोपहर 2.30 बजे वापस आने पर घर के अन्दर चैनल का ताला तोडकर घर के अन्दर के दो कमरों के ताले तोडकर अन्दर रखी तीन अलमारियां तोडकर नगद एवं सोने, चांदी का जेवर/सामान चोरी हो गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मंगलपुर पर दिनांक 28.05.2025 को मु0अ0सं0 212/25 धारा 331(4)/305(ए) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

अभियुक्तगण द्वारा ताला तोडने में प्रयुक्त लोहे के सब्बल जिसे अभियुक्तगण घटना के बाद वहीं पर छोडकर चले गये थे, को मुकदमा वादी की हस्वनिशादेही पर बरामद किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण व बाल अपचारी को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जा रहा है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्तगण व बाल अपचारी ने पूछने पर बताया कि दिनांक 27/28.05.2025 को रात्रि में लगभग 02.00 वजे रवि गुप्ता सहारा वाले ओम नगर झीझक में घर का ताला तोड कर चोरी की थी। बाहर वाले गेट का ताला नहीं तोडा था, फाटक के उपर से चढकर अन्दर घुसे थे तथा घर के चैनल का ताला हम लोगों ने रेलवे माल गोदाम के किनारे लेवर का एक राडनुमा लोहे के भारी (सब्बल) जिसे अभिषेक उठाकर लाया था जिससे ताला तोडा था। अन्दर

के दो कमरों के ताले भी तोडे थे तथा चोरी में मिला सोना चाँदी बेच दिया था तथा शेष रुपये कानपुर नगर मॉल में मोबाइल सामान जूते आदि खरीद कर तथा होटलबाजी में खर्च कर लिये हैं।

<u>गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का विवरण-</u>

1. अभिषेक दुबे उर्फ प्रधुम्न पुत्र अरुणेश कुमार उम्र 20 वर्ष निवासी ओम नगर कस्बा झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।
2. विकास यादव उर्फ विक्कू पुत्र गजेन्द्र सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी रेलवाजार (भोला नगर) झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।
3.एक नफ़र बाल अपचारी

<u>अभियुक्त विकास यादव उर्फ विक्कू उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-</u>

1.मु0अ0सं0 04/2019 धारा 323/504/506 भादवि थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात
2.मु0अ0सं0 162/2019 धारा 13 जुआ अधिनियम थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात

<u>गिरफ्तारी करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-</u>

1. चौकी प्रभारी झींझक उ0नि0 श्री लक्ष्मण सिंह
2. हे0का0 89 कृष्णप्रताप सिंह
3. कां0 56 दिग्विजय सिंह
4. का0 390 पुष्पेन्द्र सिंह